आईआईएम में विद्यार्थियों ने साझा किए अपने अनुभव

रांची, वरीय संवाददाता। आईआईएम रांची में एमबीए, एमबीए-बीए, एमबीए-एचआर और पीएचडी बैच के लिए रविवार को इंडक्शन कार्यक्रम हुआ। इसमें विभिन्न गतिविधियों से छात्रों को अवगत कराया गया, जिससे नए विद्यार्थी आगे के लिए मोटिवेट हुए। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। बताया गया कि 2023 बैच के छात्र 23 राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

प्रो अमरेंदु नंदी ने आईआईएम रांची की 13 साल की यात्रा पर व्याख्यान दिया। उन्होंने जीवन के कई क्षेत्रों, शैक्षणिक और पाठ्येतर उपलब्धियों और छात्रों की पहल के बारे में बताया। प्रो गौरव मराठे ने आगे की दो साल की यात्रा के बारे में अपनी बात कही। डीन अकादमिक प्रो प्रदीप कुमार बाला और प्रो अंकुर झा ने कार्यक्रम के दौरान गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।

प्रबंधन में सफलता पर निदेशक ने रखी बातें

संस्थान के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने विचारों और समय पर कार्यों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने प्रबंधन में सफलता का निर्धारक वातावरण में किसी भी बदलाव का सामना करने के लिए तैयार रहना, जब भी अवसर आए, उन्हें पकड़ लेना और जीतने के लिए नहीं बल्कि अद्वितीय बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करने की बात कही।

Hindustan, 26.06.2023, Pg. 06